जब्त रजिस्टर में दुबई में बैठे सट्टा किंग सहित आधा सैकड़ा के नाम, खुलेगी लम्बी गैंग

# कमीशन पर काम करने वाला मुंबई का सटोरिया गिरफ्तार

**हरिभूमि, जबलपुर। मदन महल पुलिस ने कमीशन पर आईपीएल का सट्टा खिलाने वाले सुखसागर ब्लू ग्वारीघाट निवासी 31 वर्षीय नीरज दौतलानी नाम के शातिर सटोरिए को दबोचने में सफलता अर्जित की है। आरोपी नीरज मूलतः मुंबई का रहने वाला है, जो कुछ माह पहले ही अपने पार्टनर शातिर सटोरिया राहुल चन्ना के बुलावे पर शहर आया था। राहुल ने उसकी मीटिंग अपने ग्राहकों और सट्टे की लाईन चलाने वालों से कराई थी। आईपीएल शुरू होते ही राहुल अपने मालिक सतीश सनपाल और आजम खान फूटाताल के पास दुबई चला गया था। जहां से वो सट्टे का काम संचालित कर रहा था। सटोरिए नीरज के कब्जे से एक रजिस्टर बरामद किया है जिसमें लम्बा चौड़े हिसाब किताब के साथ कम से कम 60-70 सटोरियों के नाम हैं जिनका रैकेट जबलपुर से दुबई तक फैला हुआ है।**

बहरहाल पुलिस आरोपी से पूछताछ कर रही है। जबलपुर के भी पूर्व में पकड़े जा चुके नामचीन सटोरियों के नाम भी सामने आए हैं। पुलिस सूत्रों की माने तो अब इस मामले को पुलिस व्यापक एंगल से देखेगी। जिससे संभावना जताई जा रही है कि जल्द ही सटोरियों की लम्बी गैंग का खुलासा होगा।

### खाईबाज का हिसाब करने जा रहा था

एक्सक्लुसिव

कार्रवाई के संबंध में टीआई संगीता सिंह ने बताया कि नीरज काफी दिनों से आईपीएल सट्टे का काम कर रहा था। शुक्रवार रात सट्टे का 15 अप्रैल से 4 मई तक का हिसाब किताब करने मदन महल चौक पहुंचा है। मुखबिर की सूचना पर तत्काल वह मौके पर पहुंची और खाईबाज से आरोपी मिलता उसके पूर्व ही बताए हुलिए के आधार पर उसे दबोच लिया। जिसके कब्जे से 4 हजार 225 रूपए नगद, 3 नग कीपैड मोबाइल, एक रजिस्टर, कैलकुलेटर चार्जर बरामद किया गया।



### दुबई से बैठकर कर रहे ऑपरेट

सूत्रों के मुताबिक बताया जाता हैं कि विजय उर्फ बिज्जू इंटरनेशनल सटोरिए सतीश सनपाल के राइट हैंड आजम खान, राहुल चन्ना से जुड़ा है। बिज्जू गत माह विजय नगर क्षेत्रातंर्गत एक फड़ में भी पकड़ा जा चुका है। लेकिन उस वक्त सटोरियों ने एप्रोच कर बिज्जू को पुलिस गिरफ्त से बाहर निकाल लिया था। हालांकि इस बार पूरा मामला पुलिस के वरिष्ठ अधिकारियों के संज्ञान में है। अगर बारीकी से पड़ताल की गई तो कई चौंकाने वाले राज सामने आएंगे।

### विजय उर्फ बिज्जू सिंधी की आईडी-

टीआई सिंह के मुताबिक प्रारंभिक पूछताछ में आरोपी सटोरिए ने बताया कि अपने साथी विजय उर्फ बिज्जू सिंधी द्वारा उपलब्ध कराई गई आईडी में आईपीएल मैच का सट्टा खिलाने एवं रन, बॉल, ओवर, बेटिंग के हिसाब से पैसे का लेखा-जोखा करता था। विजय उर्फ विज्जू सिंधी, धर्मेन्द्र चक्रवर्ती, पल्लव मिश्रा इस कार्य को करने के लिए उसको कमीशन देते थे। गिरफ्तार सटोरिए नीरज से पूछताछ के बाद पुलिस ने तीनों के ठिकानों पर दबिश दी लेकिन वह पहले ही भागने में कामयाब हो गए।

### इनकी रही सराहनीय भूमिका

सटोरिया को आईपीएल क्रिकेट मैच के सट्टे का हिसाब किताब करते हुए रंगे हाथ पकड़ने में हवलदार निर्मल सनोडिया, कृष्णकुमार, सिपाही बालाराम, अभिषेक की सराहनीय भूमिका रही।

### इनका कहना है



कमीशन के बेस पर काम करने की बात सामने आई है। बरामद किए गए रजिस्टर पर दर्ज नामों को वेरीफाई किया जा रहा है। कार्रवाई निरंतर जारी है जो भी तथ्य सामने आएंगे उसके आधार पर कार्रवाई की जाएगी।

**-संपत उपाध्याय, पुलिस कप्तान**



# मां की प्रेरणा से मिली सर्वोच्च सफलता : निगमायुक्त

जबलपुर।

**मदर्स डे पर श्रीमति प्रीती यादव ने सांझा किये अनुभव**

भारतीय प्रशासनिक सेवा में आई.ए.एस. अधिकारी एवं नगर निगम जबलपुर नगर निगम के इतिहास में पहली महिला आयुक्त पद को सुशोभित करने वाली आई.ए.एस. अधिकारी श्रीमती प्रीति यादव ने रविवार को मदर्स डे पर देश-प्रदेश की सभी माताओं को सादर नमन करते हुए अपनी माँ श्रीमती शांति देवी यादव के संबंध में विशेष चर्चा की। इस दौरान उन्होंने अपनी सफलताओं के संबंध में चर्चा करते हुए कहा कि जीवन में किसी बड़े लक्ष्य को हासिल करने के लिए बच्चों के जीवन में माताओं की भूमिका बहुत महत्वपूर्ण होती है। उन्होंने अपनी पूज्य माँ श्रीमती शांति देवी यादव के बारे में बताया कि उन्होंने भारतीय प्रशासनिक सेवा के लिए आयोजित प्रतियोगिता परीक्षा में जो सफलताएं प्राप्त की उसमें उनकी माँ की भूमिका, मार्गदर्शन, और साकारात्मक प्रेरणा का अमूल्य योगदान समाहित है। जिसके प्रतिफल स्वरुप आज मैं भारतीय प्रशासनिक सेवा में नगर निगम जबलपुर के आयुक्त पद को संभाल रही हूं। उन्होंने बताया कि यह पहला अवसर है जब कोई महिला आई.ए.एस. अधिकारी नगर निगम जबलपुर में आयुक्त के पद पर पदस्थ हुई है। यह दायित्व संभालने का मुझे गौरव प्राप्त हुआ है। निगमायुक्त श्रीमती प्रीति यादव ने बताया कि माँ के सशक्त मार्गदर्शन और बच्चों के प्रति उनके समर्पण के बिना मेरे लिए यह सफलता हासिल कर पाना संभव नहीं था। जिस शिखर पर आज मैं हूँ, उसमें उनकी माँ की भूमिका अमूल्य है। मदर्स डे पर निगमायुक्त श्रीमती प्रीति यादव ने देश की सभी माताओं को प्रणाम किया. साथ ही उन्होंने सभी बेटे बेटियों से अपील की है अपने माता पिता का ईश्वर कि भांति सम्मान करें। उनके आशीर्वाद व मार्गदर्शन का सहारा लेकर अपने लक्ष्य की ओर बढ़ें और अपने भविष्य को संवारें।

## एनर्जी हैंडलिंग का नया कीर्तिमानः ऊर्जा मंत्री

जबलपुर। मध्यप्रदेश के ऊर्जा मंत्री प्रद्युमन सिंह तोमर ने बताया कि प्रदेश ने वित्तीय वर्ष 2024-25 में विद्युत प्रणाली के संचालन में एक ऐतिहासिक कीर्तिमान स्थापित किया है। इस वर्ष प्रदेश के पारेषण नेटवर्क ने कुल 1,01,039.88 मिलियन यूनिट ऊर्जा का सफलतापूर्वक संचालन किया, जो पिछले वर्ष की तुलना में लगभग 6.2 प्रतिशत अधिक है।

# कटनी एसपी पर पद के दुरुपयोग का आरोप

जबलपुर।

**शहर के अधिवक्ता ने आईजी, डीआईजी से की शिकायत**

विवादों से घिरे कटनी एसपी अविजीत कुमार रंजन की मुश्किलें कम होती नजर नहीं आ रही हैं। पहले ही गंभीर आरोपों से घिरे कटनी एसपी पर शहर के एक अधिवक्ता ने पद के दुरुपयोग और अखिल भारतीय सिविल सेवा आचरण नियम के विरुद्ध कार्य करने का आरोप लगाया हैं। इस मामले में शिकायतकर्ता शहर के वरिष्ठ अधिवक्ता देवेंद्र शर्मा ने आईजी एवं डीआईजी को मंगलवार को हस्ताक्षरित शिकायत सौंपी। शिकायत में आरोप लगाया गया हैं कि कटनी पुलिस अधीक्षक अविजीत कुमार रंजन द्वारा बिना किसी सक्षम अनुमति के कटनी के एक बड़े व्यवसायी सोमेश शर्मा के कराए हुए प्रायवेट विमान के टिकट पर व्यावसायिक संबंधों के लिए 1 मई और 2 मई को दिल्ली यात्रा के संबंध में अखिल भारतीय सेवा आचरण नियम के विरुद्ध कार्य करने के लिए दंडित कर अनुशासनात्मक कार्रवाई की मांग की गई हैं। शिकायतकर्ता श्री शर्मा ने शिकायत में आरोप लगाया हैं कि कटनी पुलिस अधीक्षक अविजीत कुमार रंजन बिना किसी सक्षम अनुमति के कटनी के एक बड़े व्यवसायी सोमेश शर्मा के द्वारा कराए गए प्रायवेट विमान के टिकिट पर व्यावसायिक संबंधों के लिए 1 मई और 2 मई को दिल्ली साथ-साथ गए और साथ-साथ ही लौटे। शिकायत में आरोप लगाया गया कि अपने ही क्षेत्र के व्यवसायी के साथ इस तरह का कृत्य पद एवं शक्ति के दुरुपयोग और भ्रष्टाचार को सिद्ध करता है, जो कि अखिल भारतीय सेवा आचरण नियम के प्रतिकूल है। प्रमाण के रूप में प्राइवेट विमान की टिकट संलग्न की गई है। शिकायत में आरोप लगाया गया हैं कि कटनी के व्यवसायी सोमेश शर्मा और कटनी के पुलिस अधीक्षक अविजीत कुमार रंजन के व्यावसायिक संबंधों और कथित तौर पर इसी तरह के अन्य कृत्यों की जांच किसी स्वतंत्र जांच एजेंसी से कराने की मांग की गई जिसमें न्यायपालिका के सदस्य भी शामिल हो। शिकायत में इसके साथ ही कटनी में चल विश्वप्रसिद्ध आनलाइन आईपीएल सट्टे की जांच कटनी के बाहर के वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों से कराने की मांग की गई हैं। शिकायत में एसपी कटनी पर कथित तौर पर नियम के विरुद्ध कार्य करने का आरोप लगाते हुए दंडित कर अनुशासनात्मक कार्रवाई की मांग की गई हैं।

## वीयू कुलगुरु ने ली जबलपुर वेटरनरी कॉलेज की समीक्षा बैठक

जबलपुर।

नानाजी देशमुख पशु चिकित्सा विज्ञान विश्वविद्यालय के कुलगुरु प्रोफेसर मनदीप शर्मा द्वारा पशु चिकित्सा विज्ञान महाविद्यालय जबलपुर के सभी 18 विभाग विभागो की समीक्षा बैठक ली जिसमें विभागाध्यक्ष, प्राध्यापक, सह प्राध्यापक एवं सहायक प्राध्यापको के शैक्षणिक ,अनुसंधान एवं विस्तार तथा अन्य उपलब्धियो के 5 वर्ष में किए गए कार्यों की समीक्षा की।

18 विभागों में पदस्थ सभी विभाग अध्यक्षों ने सर्वप्रथम अपने-अपने विभाग की विस्तृत जानकारी साझा की. तत्पश्चात विभाग में पदस्थ अध्यापकों ने पावर पॉइंट प्रेजेंटेशन के माध्यम से अपना प्रगति प्रतिवेदन प्रस्तुत किया। समीक्षा बैठक कुलगुरु ने सभी उपस्थित विश्वविद्यालय अधिकारी एवं अध्यापकों को संबोधित करते हुए कहा की इस रिव्यू करने का मुख्य उद्देश्य फैकल्टी को व्यक्तिगत एवं पेशेवर रूप से जानना ,उनके अंदर जो कार्य करने की बौद्धिक क्षमता है उनको समझाना साथ ही उनको प्रेरित करना कि वह ना कि सिर्फ महाविद्यालय और विश्वविद्यालय के कार्यों तक ही सीमित रहे अपितु अपने क्षमता अनुसार विश्वविद्यालय का नाम राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर भी रोशन करें.

# अभाविप के कार्यकर्ताओं ने सिविल डिफेंस वालंटियर का कराया पंजीयन

## नागरिको की सुरक्षा हेतु प्रशासन का करेंगे सहयोग

हरिभूमि, जबलपुर।



पहलगाम की घटना के बाद प्रशासन व मिलिट्री के द्वारा नगरिकों की सुरक्षा के लिए विभिन्न कदम उठाए गए हैं। भारत ने पाकिस्तान को मुंहतोड़ जबाव दिया है ऐसी परिस्थिति में समाज की सुरक्षा करना हम सभी का कर्तव्य है अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद छात्र संगठन के साथ समाज हित के लिए कम करता आरहा है, इसलिए समाज की सुरक्षा का उत्तरदायित्व प्रत्येक व्यक्ति का है इसी क्रम में प्रशासन के आवाहन पर अभाविप जबलपुर महानगर के कार्यकर्ताओं ने आज शहर के ओमती थाना एवं कोतवाली थाने में जाकर नागरिक सुरक्षा में प्रशासन के सहयोग हेतु सिविल डिफेंस वालंटियर के रूप में पंजीयन कराया व राष्ट्र व नगरिकों की किसी भी परिस्थिति में सुरक्षा हेतु संकल्प लिया। विद्यार्थी परिषद के 117 कार्यकर्ताओं ने सिविल डिफेंस वालंटियर हेतु अपना पंजीयन करवाया।

इस दौरान प्रमुख रूप से प्रदेश मंत्री माखन शर्मा, महानगर मंत्री ऐश्वर्य असोनकर, आर्यन पुंज, शोभित मिश्रा , प्रांशूल सोनकर, अनमोल मिश्रा,अनमोल सोनकर, सत्यम पटेल , शशांक शर्मा, भास्कर पटेल, आयुष यादव,कमल अहिरवार,प्रबल भट्ट, हर्ष सेन , अरमान पांडे, नितिन ठाकुर ,प्रबल निषाद, अंशवीर सोनकर,अध्यंस शर्मा, हर्ष प्रजापति,आयुष बारी, सूर्यांश सिंह,ओजस पांडे,हरिओम सोनकर, चेतन वर्मा,वेद तिवारी एवं बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे।



## भाजपा जबलपुर संभाग की हुई संभागीय बैठक

**जबलपुर**। भारतीय जनता पार्टी जबलपुर संभाग की बैठक भाजपा संभागीय कार्यालय रानीताल में संपन्न हुई, जिसमें मुख्य रूप से भाजपा की संभाग प्रभारी, राज्यसभा सांसद सुश्री कविता पाटीदार उपस्थित हुई संभागीय बैठक में विगत कार्यक्रमों की समीक्षा की गई एवं आगामी कार्यक्रमों को सुचारू एवं प्रभावी बनाने हेतु रूपरेखा तैयार की गई।बैठक में जबलपुर संभाग के जिला प्रभारी एवं जिला अध्यक्षों ने अपना कार्यवृत्त प्रस्तुत किया, जबलपुर के जिला अध्यक्ष रत्नेश सोनकर ने सभी जिला प्रभारी एवं जिला अध्यक्षों का स्वागत किया ।संभागीय बैठक में जबलपुर लोकसभा के सांसद आशीष दुबे, ग्रामीण अध्यक्ष राजकुमार पटेल, जीएस ठाकुर सहित संभाग के सभी जिला प्रभारी एवं जिला अध्यक्ष उपस्थित थे।

सरयू की तर्ज पर विकसित करने तैयार की जा रही कार्य योजना

# नर्मदा परिक्रमा पथ कार्ययोजना की परखी स्थिति

जबलपुर।

लोक निर्माण मंत्री राकेश सिंह ने रविवार को गौरीघाट के निरीक्षण के बाद माँ नर्मदा के पावन तट को सरयू की तर्ज पर विकसित करने तैयार की जा रही कार्य योजना की सिविल लाइन स्थित लोक निर्माण विभाग के मुख्य अभियंता कार्यालय में आयोजित बैठक में समीक्षा की और अधिकारियों को जरूरी दिशा-निर्देश दिये। बैठक में नर्मदा परिक्रमा पथ की प्रस्तावित डीपीआर पर पॉवर पॉइंट प्रेजेंटेशन दिया गया तथा इस पर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक में मध्यप्रदेश सड़क विकास निगम के प्रबंध निदेशक भरत यादव, तकनीकी सलाहकार आर के मेहरा, मुख्य अभियंता गोपाल सिंह गुर्जर, कलेक्टर दीपक सक्सेना, पुलिस अधीक्षक संपत उपाध्याय, नगर निगम आयुक्त प्रीति यादव, जिला पंचायत सीईओ अभिषेक गहलोत, अपर कलेक्टर नाथूराम गोंड, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक समर वर्मा, कार्यपालन यंत्री लोक निर्माण शिवेंद्र सिंह, पंकज दुबे, संदीप जैन, अभय सिंह, ओंकार दुबे एवं मनीष दुबे उपस्थित रहे।



लोक निर्माण मंत्री श्री सिंह ने कहा कि धार्मिक और आध्यामिक आस्था के केंद्र गौरीघाट में नर्मदा परिक्रमा पथ बेहद खूबसूरत होगा और इसका विकास पर्यावरण को ध्यान में रखते हुए अयोध्या में सरयू तट की तर्ज पर किया जाएगा। उन्होंने कहा कि नर्मदा परिक्रमा पथ का विकास दो चरणों मे होगा। पहले चरण में जिलहरी घाट से लेकर खारी घाट तक तथा दूसरे चरण में भटौली से लेकर तिलवारा घाट तक के घाटों का विकास होगा। श्री सिंह ने बताया कि नर्मदा परिक्रमा पथ की तैयार की जा रही कार्ययोजना में श्रद्धालुओं के स्नान और पूजा अर्चना के लिए 350 मीटर लंबे चैनल का निर्माण भी किया जाएगा। चैनल में जगह-जगह प्रेशर पाइप की व्यवस्था की जाएगी ताकि मां नर्मदा के जल को प्रदूषित होने से बचाया जा सके और स्वच्छ जल की उपलब्धता को सुश्चित किया जा सके। उन्होंने बताया कि चैनल के एक ओर जहां नागरिकों की सुविधा के लिए चेंजिंग रूम बनाए जाएंगे तो वहीं दूसरी ओर ऊंचाई से मां नर्मदा के भव्य स्वरूप का दर्शन करने के लिए व्यू प्वाइंट का निर्माण भी किया जाएगा। लोक निर्माण मंत्री श्री सिंह ने चैनल के किनारे दीवारों पर आदि शंकराचार्य जी के व्याख्यान एवं मार्कण्डेय ऋषि की परिक्रमा का संदेश देने वाले म्यूरल्स का निर्माण कराने के निर्देश अधिकारियों को दिए। श्री सिंह ने बैठक में कहा कि गौरीघाट के पवित्र नर्मदा तट पर माँ नर्मदा प्राकट्योत्सव एवं अन्य कार्यक्रमों के लिए सांस्कृतिक मंच का निर्माण भी कराया जाएगा। साथ ही इन कार्यक्रमों में आने वाले कलाकारों के लिए रुकने की व्यवस्था भी सुनिश्चित की जाएगी। मंत्री श्री सिंह ने नर्मदा परिक्रमा पथ की कार्ययोजना में वाहनों की पार्किंग, पर्याप्त भंडारा स्थल, दिव्यांगजनो की सुविधा के लिए रैंप, वाच टावर एवं अनाउंसमेंट के लिए साउंड सिस्टम की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश अधिकारियों को दिए।

## भगवान नरसिंह के प्राकट्य पर नरसिंह मंदिर में तीन दिवसीय वैदिक महोत्सव संपन्न

# नरसिंह भगवान से भक्तों ने की सर्व मंगल की कामना



हरिभूमि, जबलपुर।

वैदिक मंत्र अनुष्ठान सर्व कल्याण के लिए होते हैं, सनातन धर्म में सर्व मंगल की कामना है, श्रीहरि नारायण के नाम जप मात्र भक्त के सभी कष्टों का नाश होता है। भक्त प्रह्लाद ने हरि भक्ति में लीन होकर समस्त कष्टों को सहन किया तो खंबे से नारायण भगवान नरसिंह रूप में प्रगट हुए। राष्ट्र के मंगल के लिए निरंतर प्रार्थना करना चाहिए उक्त उद्गार श्रीमद् जगतगुरु नरसिंह पीठाधीश्वर डॉक्टर स्वामी नरसिंह देवाचार्य जी महाराज ने श्रीहरि विष्णु के महाअवतार भगवान नरसिंह के प्राकट्य दिवस पर नरसिंह मंदिर शास्त्री ब्रिज में तीन दिवसीय वैदिक महोत्सव में कहे। वैशाख शुक्ल नृसिंह चतुर्दशी पर प्रातः महाभिषेक, षोडशोपचार पूजन, दिव्य श्रृंगार ,नाम जप, सायं काल सहस्त्रार्चन, हवन, तर्पण महाआरती और भोग भंडारा आयोजित किया गया।

जगतगुरु राजारामाचार्य जी महाराज, महामंडलेश्वर स्वामी अखिलेश्वरानंद गिरी जी महाराज, आचार्य अनूप देव शास्त्री,महंत मनीषादास, स्वामी बालकदास सहित बड़ी संख्या में संत महात्माओं ने सर्व मंगल की कामना की। नरसिंह प्राकट्य महोत्सव में मंत्री राकेश सिंह, महापौर जगत बहादुर सिंह अन्नू, विधायक अभिलाष पांडे, अध्यक्ष रिंकू विज, भाजपा अध्यक्ष रत्नेश सोनकर, पार्षद प्रतिभा भापकर, राममूर्ति मिश्रा,ठाडेश्वर महावर सहित जन प्रतिनिधि उपस्थित रहे। भगवान नरसिंह प्राकट्य महोत्सव में श्याम साहनी, अशोक मनोध्या, गुलशन मखीजा, शरद काबरा, लकी भाटिया, राजेन्द्र प्यासी, एस एन शर्मा, कमलजीत परमार, ठाकुर हरकेश सिंह, डॉ दीपक बहरानी, डा वी के भारद्वाज, डा हितेश अग्रवाल, श्री नरसिंह मंदिर गीता धाम भक्त मंडल, सनातन धर्म महासभा जबलपुर ने किया है।

### पञ्चपर्व महाआरती महोत्सव : माँ बगलामुखी का आम्रफलों से किया सहस्त्रार्चन

## जितनी बाती की आरती उतने जन्मों के पापों का क्षय : ब्रह्मचारी श्री सुबुध्दानन्द



श्री बगलामुखी सिद्ध पीठ शंकराचार्य मठ सिविक सेंटर मढ़ाताल में चल रहे पञ्चपर्व महाआरती महोत्सव के क्रम में आज पीताम्बरा भगवती माँ बगलामुखी का आम्रफलों द्वारा सहस्त्रार्चन जगद्गुरु शंकराचार्य पीठद्वयाधीश्वर महाराज श्री के निजी सचिव ब्रह्मचारी श्री सुबुध्दानन्द जी महाराज एवं ब्रह्मचारी श्री चैतन्यानन्द जी महाराज के परम सन्निध्य में किया गया। ब्रह्मचारी श्री सुबुध्दानन्द जी महाराज ने बताया कि परब्रह्म परमात्मा की उपासना के अनेक उपचार होते हैं उन उपचारों में षोडशोपचार पूजन अत्यंत विशिष्ट माना जाता है उन षोडशोपचार पूजन में आरती सबसे विशिष्ट मानी जाती है आरती का मतलब होता है दुख को दूर करना। साधक अपने इष्ट से अत्यधिक प्रेम करता है और इतना प्रेम करता है कि वह अपने इष्ट को सदा सर्वदा सुखी देखना चाहता है इसी भावना से आरती के द्वारा वह सारे के सारे कष्ट जो उसके इष्ट के होते हैं अपने में लेना चाहता है नारद भक्ति सूत्र में भी इसी बात का वर्णन करते हुए लिखा है “”तत सुखा सुखितवम”“अपने प्रेम के आसपत के सुख में सुखी रहना उसे हर क्षण सुख में देखना यह भगवत भक्ति कहलाती है वैशाख पर्व चल रहा है यह श्रेष्ठ इसलिए माना जाता है इस मास में भगवान सूर्य नारायण मेष राशि में रहते हैं मेष सूर्य बड़ा प्रखर माना जाता है इसका सूर्य सारे के सारे पापों को नष्ट कर देता हैं आरती का जो दर्शन करता है जो जितनी बाती की आरती का दर्शन करता है इतने जन्मों के पाप उसके नष्ट हो जाते हैं एक सुखद संयोग यह भी है कि आज भगवान नरसिंह का अवतरण दिवस भी है आज ही के दिन भगवान नरसिंह अवतरित हुए थे इसलिए जो भी आरती का दर्शन करेगा उसे भगवान नरसिंह की विशेष कृपा प्राप्त होगी। उपस्थिति के आचार्य राजेन्द्र प्रसाद शास्त्री, के.बी. सिन्हा, अनिरुद्ध सिन्हा,बी.के. पटेल, गोविन्द साहू, ऋषि अग्रवाल, विवेक गुप्ता, मोनू परिहार, मनोज सेन आदि उपस्थित रहे।







# सालेम के विद्यार्थियों ने लगातार पांचवें वर्ष प्रदेश की मेरिट सूची में बनाया अपना स्थान

हरिभूमि सिहोरा।

शिक्षा के क्षेत्र में शानदार प्रदर्शन कर विद्यार्थियों की दम पर लगातार विगत पांच वर्षों से हाईस्कूल एंव हायर सेकंडरी स्कुल में प्रदेश की मेरिट सूची में अपना स्थान बरकरार रखकर नगर को गौरवान्वित कर रहे नगर के श्रेष्ठ विद्यालयों में से एक सालेम इंग्लिश मीडियम स्कुल ने इस वर्ष भी प्रदेश की मेरिट सूची के साथ जिले में भी अपना स्थान बनाकर साबित कर दिया की अगर विद्यार्थियों को स्कुल में अच्छी शिक्षा मिले तो वे अपनी मेहनत और संस्था में मिले शिक्षकों के उचित मार्गदर्शन से विद्यालय ही नहीं वरन नगर और परिवार तथा समाज का गौरव बढ़ा सकते हैं।

### इस वर्ष के परीक्षा परिणाम पर एक नजर

इस वर्ष घोषित हुए परीक्षा परिणाम में शालेम स्कुल दसवीं के अध्ययनरत कुल 112 छात्र छात्राओं में से 98 प्रथम श्रेणी पास हुए इसमें आजाद सिंह 97.8 प्रतिशत जिले में सेकेंड,विराज साहू 97.6 प्रतिशत जिले में तीसरी रैंक,मौली सहजवानी 97.4 प्रतिशत से उत्तीर्ण हुई जबकि बारहवीं में अध्ययनरत कुल 120 छात्र छात्राओं में से 99 ने प्रथम श्रेणी में परीक्षा पास की है। इनमें कामर्स से सिमरन साहू प्रदेश में छठवां स्थान 97 प्रतिशत,कृति जैन 93.4 प्रतिशत,अदिति पहारिया 93,2 प्रतिशत,गणित समूह में पल्लवी परोहा 94.8 प्रतिशत,सारांश असाटी 94.6 प्रतिशत,ऋषभ पांडे 94.2 प्रतिशत,विज्ञान समूह संस्कृति पटेल 91 प्रतिशत, कृष्णा पांडे 87.2 प्रतिशत,राधिका पालीवाल 87 प्रतिशत शामिल है।

### अब तक प्रदेश में छ और जिले की मेरिट सूची में पांच छात्र छात्रा हुए शामिल

वैसे तो हर अशासकीय एंव शासकीय स्कुल की चाहत रहती है कि उनके बच्चे मेरिट में स्थान बनाकर विद्यालय का नाम रोशन करें लेकिन इन सबके बीच सालेम इंग्लिश मीडियम स्कुल से विगत पांच शालों में प्रदेश की मेरिट सूची में बारहवीं से अलीशा बहना,देव चौरसिया,वंशिका जैन,शुभम कुशवाहा,तनिष साहू,सिमरन साहू ने सफलता का झंडा गाड़ा है तो इसी तरह दसवीं जिले की मेरिट सुची में विगत पांच शालों में लीना पांडे,पावनी गुप्ता,तनिष राय,आजाद सिंह,विराज साहू ने दबदबा बनाकर रखा है।

### लोगों को मिला न्याय नेशनल लोक अदालत व्यवहार न्यायालय सिहोरा में

## 4296193 के अवार्ड पारित



हरिभूमि सिहोरा।


राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली के निर्देश पर नेशनल लोक अदालत का आयोजन व्यवहार न्यायालय सिहोरा में किया गया। नेशनल लोक अदालत में व्यवहार न्यायालय सिहोरा में राजीनामा के आधार पर न्यायालय मे लंबित (लिटिगेशन प्रकरण) 514 प्रकरण रखे गये जिसमे से 56 प्रकरणों का निराकरण किया गया 4296193 रूपये (अंकन-बयालिस लाख छियान्वे हजार एक सौ तिरान्वे) रूपये का अवार्ड पारित किया गया। इसी प्रकार प्रीलिटिगेशन के 1858 प्रकरण निराकरण हेतु रखे गये जिसमे 186 प्रकरणों का निराकरण कर 2370621 रूपये (तेईस लाख सत्तर हजार छः सौ इक्कीस) का अवार्ड पारित किया गया। जिसमे कुल 194 व्यक्ति लाभांवित हुए। सुधांशु सिन्हा जिला न्यायाधीश (तृतीय) सिहोरा के द्वारा मां सरस्वती वंदना कर लोक अदालत का शुभारम्भ किया गया। जिसमें श्याम सुन्दर झा, जिला न्यायाधीश (प्रथम) सिहोरा, अजय उइके न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी,उर्वशी यादव न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी, दीपशिखा दांगी, न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी, सिहोरा एवं अधिवक्ता संघ सिहोरा के अध्यक्ष रविदीप सिंह बेस एवं अधिवक्तागण आलोक ब्यौहार,प्रदीप निगम,अविनाश दाहिया, प्रदीप पटेल, नित्येंद्र पांडे का सहयोग रहा।

# रक्तदान शिविर में हुआ 204 यूनिट रक्त का संग्रह



**जबलपुर।** जिला रेडक्रॉस सोसायटी द्वारा रविवार को सात्विक सेवा समिति, सक्षम महाकौशल प्रान्त, होटल एन्ड रेस्टोरेंट वेलफेयर एसोसिएशन एवं विशुद्ध हेल्थ केयर जनसेवा समिति के सहयोग से तिलहरी स्थित होटल विजन महल में आयोजित किए गए रक्तदान शिविर में 204 यूनिट रक्त का संग्रह किया गया। रक्तदान शिविर का शुभारम्भ क्षेत्रीय विधायक अशोक रोहाणी ने किया। नगर निगम के अध्यक्ष श्री रिकुंज विज भी इस अवसर पर मौजूद थे। विधायक श्री रोहाणी ने पीड़ति मानवता की सेवा के उद्देश्य से रक्तदान शिविर के आयोजन के लिए जिला रेडक्रॉस सोसायटी की सराहना की और रक्तदाताओं का आभार व्यक्त किया। शिविर में जिला चिकित्सालय से डॉ अमिता जैन एवं डॉ अमितोज भल्ला, जिला रेडक्रॉस सोसायटी से कार्यकारिणी सदस्य सुनील गर्ग, सक्षम महाकौशल प्रान्त के डॉ अंकित सेठ एवं संकेत मलैया, सात्विक सेवा समिति के अध्यक्ष बसंत घोडावत तथा होटल एन्ड रेस्टोरेंट वेलफेयर एसोसिएशन से संदीप विजन, प्रिंस छाबडा, उपनीत छाबडा, विवेक डेंगरा एवं आशीष चिमनानी भी उपस्थित थे।

# जागरूक क्रिशियन मंच ने कैथोलिक धर्म के नए पोप को दी बधाई



**जबलपुर।** मध्य प्रदेश जागरूक क्रिश्चियन मंच के प्रदेश अध्यक्ष रॉबर्ट मार्टिन और प्रदेश संयोजक जेम्स एंथोनी ने बताया कि रोमन कैथोलिक धर्म के सबसे बड़े धर्मगुरु याने पोप को 133 कार्डिनल निर्वाचकों ने कैथोलिक चर्च के लिए चुन लिया है। मंच ने बताया कि वेटिकन सिटी में सिस्टिन चैपल की चिमनी से सफेद धुंए का गुब्बार उठ गया है, इसका मतलब है कि कैथोलिक चर्च के कार्डिनल्स ने अगले पोप को चुन लिया है। गुरूवार को सेंट पीटर के स्क्वेयर में सीनियर कार्डिनल्स ने ऐलान किया कि अमेरिका के रॉबर्ट प्रीवोस्ट कैथोलिक चर्च के नये पोप होंगे और उन्हें पोप लियो XIV के नाम से जाना जाएगा। ध्यान रहे कि रॉबर्ट प्रीवोस्ट पहले अमेरिकी पोप हैं। नए पोप के चयन से सारे विश्व के कैथोलिक समुदाय में हर्ष का माहोल है और विश्व के सभी गिरजाघरों में मिस्सा बलिदान चढ़ाकर पोप की दीर्घायु और उज्जवल भविष्य के लिए प्रभु येसु से प्रार्थना की जा रही है। साथ ही उन्हें बधाई दी जा रही है। इसी तारतम्य में जागरूक क्रिश्चियन मंच ने कैथोलिक विश्वासियों को नये पोप के चुने जाने पर एक दूसरे को बधाई देते हुए नए कैथोलिक धर्मगुरु के उज्जवल भविष्य की कामना की है। जागरूक क्रिश्चियन मंच के रॉबर्ट मार्टिन, जेम्स एंथोनी, फ्रांसिस एंथोनी, हैरिस नथानीयल, क्लेमेंट पायस, क्रिस्टोफर नरोन्हा, अल्बर्ट एंथोनी, ट्रीज़ा रोड्रिग्स, रिंकू पीटर, अल्फ्रेड एम्ब्रोस, डिएगो एंड्रेड, फिलिप एंथोनी, लॉरेंस मार्टिन, आनंद राज एंथोनी, गुडविन चार्ल्स, एनोस विक्टर, सुनील रिचर्डसन, सुधीर पावेल आदि ने रोमन कैथोलिक धर्म के सबसे बड़े धर्मगुरु याने नए पोप के उज्जवल भविष्य की कामना की है।

# पति, सास, ससुर, ननद पर प्रताड़ना का मामला दर्ज

हरिभूमि जबलपुर।

रांझी पुलिस ने पती सास ससुर और ननद के खिलाफ प्रताड़ना देने का मामला दर्ज कर लिया है. पीड़ित महीला ने आरोप लगाया है की सुसराल वाले छोटी छोटी बातों पर प्रताड़ितकरते थे और मारपीट की धमकी देते थे। रांझी पुलिस थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार रानीताल निवासी 34 वर्षीय कविता कश्यप की शादी तीन साल पहले गोकलपुर निवासी आलोक कश्यप के साथ हुई थी, शादी के बाद से ही पति एवं सास रेखा कश्यप, ससुर ओमप्रकाश कश्यप, ननद दामिनी कश्यप उसे छोटी छोटी बातों को लेकर झगड़ा करते थे मारपीट करने की धमकी देते थे।

नवम्बर 2024 में उसके पिता बालकृष्ण रैकवार की तबियत खराब होने से वह अपने मायके रानीताल चली गयी थी तभी से मायके में रह रही है।

11 जनवरी 2025 का वह ससुराल गोकलपुर आई तो चारों उसके साथ झगड़ा कर जान से मारने की धमकी दी. शादी में उसके पिता ने ससुराल वालो को घर गृहस्थी का सामान दिये थे उसके बाद भी ससुराल वालों के द्वारा और रूपयों की मांग कर रहे हैं। रिपोर्ट पर धारा 85, 351(2), 3(5) बीएनएस तथा 3, 4 दहेज प्रतिषेध अधिनियम का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

## भोजन के दौरान झगड़ा, दो भाई घायल

**जबलपुर।** पाटन थाना अंतर्गत भगवान दास मैरिज गार्डन में विवाह समारोह में खाना खा रहे, दो भाईयों पर बीच बचाव करने के दौरान अज्ञात लोगों ने हमला कर दिया, जिससे वे घायल हो गये। पाटन पुलिस थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम टिकरी शहरपुरा निवासी 19 वर्षीय अभीजीत सिंह लोधी अपने चचेरे भाई अनिल सिंह लोधी के साथ दोस्त की शादी में भगनवान दास मैरिज गार्डन गये थे. वहां रात 11 बजे खाना खाने के दौरान कुछ लोग आपस मे लड़ रहे थे। इस दौरान अनिल लोधी ने बीच बचाव की कोशिश की तो संजय लोधी, तारेन्द्र लोधी, हेमंत लोधी ने गाली गलौज करते हुये गमला उठाकर अभीजीत के सिर पर दे मारा और हेमंत ने अनिल सिंह के साथ्र धक्कामुक्का की. पुलिस ने आरोपियों के खलाफ धारा 296, 115(2), 118(1), 3(5) बीएनएस का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

# डेढ़ सौ असामाजिक तत्वों के विरूद्ध कार्रवाई

**जबलपुर।** पिछले 24 घंटों में जिला पुलिस ने 149 असमाजिक तत्वों के विरुद्ध कार्रवाई की। जिसमें आदतन अपराध करने वाले 2 आरोपियों के विरूद्ध धारा 129 बी.एन.एस.एस. (110 जा.फौ.) के तहत तथा विवाद करने वाले 78 व्यक्तियों के विरूद्ध 126/135 (3) बी.एन.एस.एस (107/116 जा.फौ.) के तहत, 15 आरोपियों के विरूद्ध धारा 170 बी.एन.एस.एस (151 जा.फौ.) के तहत कार्रवाई की गई। इसी प्रकार पिछले कई वर्षो से फरार 13 गैरम्यादी, 19 म्यादी वारंटियों को गिरफ्तार किया गया। 18 व्यक्तियों के विरूद्ध 34 आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई करते हुये 163 पाव देशी/अंग्रेजी एवं 30 लीटर कच्ची शराब जब्त की गई तथा 4 व्यक्तियों के विरूद्ध 25 आर्म्स एक्ट के तहत कार्रवाई करते हुये 4 चाकू जब्त किए गये। बताया गया कि एसपी सम्पत उपाध्याय द्वारा जुआ, सट्टा खिलाने वालों एवं अवैध मादक पदार्थ, अवैध हथियार, के कारोबार में लिप्त आरोपियों को चिन्हित करते हुये प्रभावी कार्यवाही हेतु तथा चोरी, नकबजनी, एवं मारपीट तथा अन्य भादवि के प्रकरणों एवं थानों में लंबित वारंटों की तामीली हेतु आदेशित किया गया हैं। आदेश के परिपालन में एएसपी शहर आनंद कलादगी, एएसपी जोन-2 समर वर्मा, एएसपी (ग्रामीण) सूर्यकांत शर्मा, एएसपी (यातायात/ अपराध ) श्रीमति सोनाली दुबे के मार्ग निर्देशन में नगर पुलिस अधीक्षकों के द्वारा अपने अपने अनुभाग के थाना प्रभारियों के द्वारा कार्रवाई कराई जा रही हैं।




**श्री बांके लाल रैकवार-** कांचघर पुलिस लाइन फिसलना मंदिर के पास निवासी नेहा, दीपू व स्व. प्रकाश रैकवार के पिता श्री बांके लाल रैकवार (62) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।



**श्री धुरव कुमार पटेल-** आमनपुर मदनमहल निवासी श्री ध्रुव कुमार पटेल (72) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गुप्तेश्वर मोक्षधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती चंदा बाई चौधरी-** गली नं. 4, बादशाह हलवाई मंदिर के पास पोलीपाथर निवासी श्री सुखलाल चौधरी की धर्मपत्नी श्रीमती चंदा बाई चौधरी (60) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री संजय कुमार भोजक-** अमखेरा गोहलपुर निवासी श्री संजय कुमार भोजक (57) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्री मन्नू लाल साहू-** समदड़िया ग्रीन सिटी माढ़ोताल रोड निवासी श्री मन्नू लाल साहू (84) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री मथुरा प्रसाद अहिरवार-** आईटीआई नई बस्ती माढ़ोताल निवासी श्री मथुरा प्रसाद अहिरवार (69) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार माढ़ोताल मोक्षधाम में किया गया।

**श्रीमती कल्लू बाई काछी-** इंद्रानगर गली नं. 2, रामपुर निवासी श्री प्रकाश चंद काछी की धर्मपत्नी श्रीमती कल्लू बाई काछी (58) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती सोना बाई चौधरी-** गली नं. 8, शांतिनगर दमोहनाका निवासी श्री सन्ने लाल चौधरी की धर्मपत्नी श्रीमती सोना बाई चौधरी (59) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार माढ़ोताल मोक्षधाम में किया गया।

**श्री चेतन देवनानी-** आलोक नगर अधारताल निवासी श्री चेतन देवनानी (53) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती गीता बाई चौधरी-** बाबा टोला जानकीदास मंदिर के पास निवासी श्री ओम प्रकाश चौधरी धर्मपत्नी श्रीमती गीता बाई चौधरी (48) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्री नारायण प्रसाद तिवारी-** भरत कॉलोनी मड़ई व्हीकल निवासी श्री नारायण प्रसाद तिवारी (65) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री मनोज अहिरवार-** झिन्ना मोहल्ला राधाकृष्णन वार्ड निवासी श्री अच्छे लाल अहिरवार के पुत्र श्री मनोज अहिरवार (32) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्रीमती प्रेमलता रघुवंशी-** अधारताल धनी कुटिया के पास निवासी श्री राम सिंह रघुवंशी की धर्मपत्नी श्रीमती प्रेमलता रघुवंशी (73) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती गीता देवी केवट-** चांदमारी टेस्टिंग रोड निवासी श्री रामदुलारे केवट की धर्मपत्नी श्रीमती गीता देवी केवट (67) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्रीमती उमा सक्सेना-** वृंदावन नगर कटंगी रोड निवासी श्री राजेंद्र प्रसाद सक्सेना की धर्मपत्नी श्रीमती उमा सक्सेना (72) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री अरमान श्रीवास-** कांचघर निवासी श्री मुकेश श्रीवास के पुत्र श्री अरमान श्रीवास (22) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्री संजय कोरी-** गोरा बाजार केंट निवासी श्री रमेश कोरी के पुत्र श्री संजय कोरी (32) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती दुर्गा नट-** मनमोहन नगर साईं मंदिर के पास निवासी श्री अभय नट की धर्मपत्नी श्रीमती दुर्गा नट (20) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार माढ़ोताल मोक्षधाम में किया गया।

हरिभूमि
शोक/उठावना, पगड़ी रस्म, पुण्यतिथि संबंधी संदेश प्रकाशित कराने के लिए
सम्पर्क करें विज्ञापन विभाग

# स्नान दान वैशाख पूर्णिमा आज

## नर्मदा तटों पर उमड़ेगा स्नानार्थियों का सैलाब

**जबलपुर। पवित्र वैशाख माह की विदाई बेला आज वैशाख पूर्णिमा पर होने जा रही है। आज बुद्ध पूर्णिमा भी कही जाती है। बौद्ध अनुयायी भगवान बुद्ध की जयंती मनाते हैं। वैशाख पूर्णिमा के अवसर पर गंगा या नर्मदा जैसी पवित्र नदी में स्नान करने से विशेष पुण्य लाभ अर्जित होता है। इस दिन गरीबों को अन्न, वस्त्र, सत्तू, पादुकाएं एवं सिर ढंकने के लिए टोपी या गमछा दान करने से घर परिवार के कष्ट दूर होते हैं।**



स्नान दान बुद्ध पूर्णिमा पर आज नर्मदा तटों पर श्रद्धा की डुबकी लगाई जाएगी और तमाम शुभ कार्यों की शुरुआत होती है। यद्यपि इस बार गुरु और सूर्य अस्त होने के कारण ज्येष्ठ माह में विवाह आदि शुभ कार्य नहीं होंगे। आज बुद्ध पूर्णिमा पर रामायण, सत्य नारायण कथा के धार्मिक आयोजन भी होंगे। अनेक मंदिरों में हवन पूजन के साथ भण्डारे के आयोजन भी किये गये। कल मंगलवार 13 मई से ज्येष्ठ मास प्रारंभ हो जायेगा। वैशाख महीने को धार्मिक और मांगलिक कार्यों के लिये सर्वश्रेष्ठ माना जाता है। पूरे वैशाख माह धार्मिक अनुष्ठानों का सिलसिला अनवरत जारी रहा। इन अनुष्ठानों का भी पूर्णिमा के दिन विधि विधान के साथ समापन किया जाएगा। पुण्य सलिला माँ नर्मदा के पावन तट गौरीघाट, तिलवारा घाट, लम्हेटाघाट, भेड़ाघाट में वैशाख पूर्णिमा का मेला लगेगा। हजारों की संख्या में श्रध्दालु नर्मदा में डुबकी लगाकर वैशाख पूर्णिमा स्नान का पुण्य लाभ अर्जित करेंगे। नर्मदा में भगवान सत्यनारायण की कथा, महाआरती, माँ नर्मदा का अभिषेक किया जाएगा और दिन भर हवन पूजन भंडारे के आयोजन चलेंगे।

### बुद्ध जयंती पर आज विविध आयोजन

गौतम बुध्द जयंती पर बोधिसत्व नागार्जुन महाविहार संघ, विश्वदीप बुध्द विहार और त्रिरत्न बौध्द विहार द्वारा आज ध्वजा रोहण परीत्राण पाठ एवं धम्म देसना का आयोजन किया गया है। बोधिसत्व नागार्जुन महाविहार संघ की ओर से बत है की आज सुबह 9 बजे पूर्वी करिया पाथर स्थित कार्यालय में पंचशील का ध्वाजारोहण होगा और सुबह 10 बजे बुध्द की वंदना होगी। शाम पांच बजे वंदना मेश्राम, सविता लोखंडे द्वारा परित्राण पाठ एवं धम्म देशना होगी।कार्यक्रम के मुख्य अतिथि महापौर जगत बहादुर सिंह अन्नू होंगे। विशिष्ट अतिथि पार्षद अविनाश चमकेल होंगे, वहीं अध्यक्षता उमाकांत गजभिये करेंगे। इसी तरह विश्वदीप बुध्द विहार रामपुर छापर में भी झंडा रोहण और धम्म देसना होगी। संदीप गायबवाड़, सुरेन्द्र इंगले ने उपस्थिति की अपील की है।इसी तरह त्रिरत्न बौध्द विहार निर्भय नगर अधारताल में भगवान गौतम बुध्द की जयंती पर धम्म पंचशील ध्वाजारोहण और बुध्द वंदना होगी। ओमप्रकाश चौड़ ईश्वरी पाटिल, सुनंदा वासनिक ने उपस्थित की अपील की है।

### नर्मदा पंचकोषी परिक्रमा आज लहराएंगे राष्ट्रीय ध्वज

हरे कृष्णा आश्रम भेड़ाघाट से प्रत्येक पूर्णिमा को निकल जाने वाली नर्मदा पंचकोशी परिक्रमा 12 मई वैशाख पूर्णिमा पर प्रात 6:00 बजे सोमवार को भारत माता के उद्घोष के साथ संत महात्माओं के सानिध्य में 466 वी पंचकोशी निकाली जाएगी। संकीर्तन मंडल देश भक्ति गीतों के साथ हाथ में राष्ट्रीय ध्वज लेकर निकलेंगे देश की सेना के लिए प्रार्थना की जाएगी कि वह कम समय में अपना पूरा काम कर दे सिंदूर का बदला ले ले ऐसा सबक सिखाएं की दुनिया याद रखें। इस अवसर पर बद्रीनाथ धाम से पूजित गोमती चक्र का वितरण आश्रम के संस्थापक स्वामी रामचंद्र दास महाराज के सानिध्य में होगा एवं विशाल भंडारे के साथ परिक्रमा का समापन होगा। उपस्थिति की अपील नर्मदा महाआरती के संस्थापक नर्मदा पंचकोशी परिक्रमा के अध्यक्ष डॉ सुधीर अग्रवाल संरक्षक श्रीमती सुषमाशंकर पटेल मनमोहन दुबे श्याम मनोहर पटेल विनोद दीवान मनोज गुलब्बानी दुर्गा पटेल सुरेश विश्वकर्मा कैलाश विश्वकर्मा विशाल पड्या आदि ने की है।



# गुरु अमरदास ने गुरु भक्ति का पैगाम दिया

**आस्था पूर्वक मनाया गया प्रकाशोत्सव**

जबलपुर।

सिख धर्म के तीसरे गुरु अमरदास जी का पवित्र प्रकाशोत्सव आज नगर के विभिन्न गुरुद्वारों में पूर्ण आस्था और श्रद्धा भक्ति के साथ मनाया गया। गुरुद्वारा ग्वारीघाट में आयोजित भव्य कीर्तन दरबार में बाबा लखबिंदर सिंह ने बताया कि श्री गुरु अमरदास जी ने गुरु भक्ति का इलाही पैगाम दिया और गुरुभक्ति को ही सर्वोपरि माना । उन्होंने गुरु नानक देव जी के सिद्धांतों को आगे बढ़ाते हुए आडंबरों और सती प्रथा, पर्दा प्रथा और बाल विवाह जैसी कुरीतियों के खिलाफ अहम भूमिका का निर्वहन किया। श्री गुरु ग्रंथ साहिब जी में उनकी ईश्वरीय गुरुवाणी शिद्दत से दर्ज हैं। ज्ञानीजी ने सरबत के भले की अरदास संपन्न कराई। तदोपरांत गुरु का लंगर वितरित किया गया इस मौके पर

रागी जत्था भाई नरिंदर सिंह, भाई सतनाम सिंह, भाई मनप्रीत सिंह एवं स्त्री सत्संग सभा ग्वारीघाट आदि ने सम सामयिक गुरुवाणी शबद भले अमरदास गुण तेरे, तेरी उपमा तोहे बन आवै" पेश कर श्रद्धालुओं को भावविभोर कर दिया। यहां कड़ाह प्रसाद और गुरु का लंगर के साथ ही मीठी लस्सी छबील का भी वितरण किया गया। कार्यक्रम का संचालन प्रितपाल सिंह पॉली ने तथा प्रधान साहब गुलजीत सिंह साहनी ने आभार व्यक्त किया। सभा द्वारा आज श्रद्धालुओं हेतु निशुल्क नाव की भी व्यवस्था की गई थी। आयोजन में विभिन्न सेवादारों का विशेष योगदान रहा। इस दौरान समाजसेवियों को सिरोपा प्रदान कर सम्मानित किया गया।

# आगा साहब की दरगाह में उर्स आज से

**जबलपुर।** हजरत किबला शाह मिर्जा आगा मोहम्मद साहब कादरी चिश्ती नियाजी निजामी रहमतुल्ला अलेह के 110वें तीन दिवसीय उर्स का आगाज रात्रि 10 बजे महफिले मिलाद शरीफ से होगा तथा रात्रि 11 बजे से महफिले सिमा कव्वाली का एहतेमाम किया जाएगा। अर्धरात्रि में महफिले सिमा का समापन सलातो सलाम व दुआएं खैर के साथ होगा। 12 मई को दोपहर तीन बजे चादर संदल जुलूस बारहदरी रानीताल स्टेडियम के सामने से होते हुए आगा चौक दरगाह पहुंचेगा और आगा मोहम्मद साहब की मजारे अक्दस में संदल व चादरपोशी की जाएगी।



# महाआरती कर भारतीय सैनिकों की खुशहाली की कामना की

**जबलपुर।** पहलगाम में आतंकवादियों द्वारा भारतीय नागरिकों की की गई हत्या के जवाब में भारतीय सेना द्वारा पाकिस्तान के आतंकियों को संरक्षण दिये जा रहे कैंपों को खत्म किया जा रहा है और देश के प्रधानमंत्री के नेतृत्व में नेस्तनाबूत किया जा रहा है। आज दादा ईश्वरदास रोहाणी सेवा समिति द्वारा सदर काली माई मंदिर में कैंट विधायक अशोक रोहाणी द्वारा काली माई मंदिर में महाआरती कर भारतीय सेना के जवानों की रक्षा एवं खुशहाली की कामना की गई। इस कार्यक्रम में रिंकू विज, दामोदर सोनी, सुंदर अग्रवाल, विभा उपाध्याय, कृष्णदास चौधरी, पुष्पराज सिंह सेंगर, सौरभ गोयल, संजय जैन, निशांत झारिया, अजय पदम, अनुराग दहिया, श्याम कनौजिया, संतोषी ठाकुर, संजय कपूर, आकाश मलिक, दशरथ पिल्ले, संगीता पासी, पुष्पा तिवारी, सुधीर शर्मा, वेद महावर, संजय वर्मा, सुरेश रजक, डॉ. ऋषि बावरिया, पवन यादव, पवन रजक, नंदकुमार चौधरी, विजय पटेल, संतोष बैरागी, आकाश मलिक, सुरेंद्र रजक, ज्ञानचंद, विमल गोलछा, ज्योति रेड्डी, प्रमोद बेन, नीलेंद्र चटर्जी सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## छात्रा अरतिका जरीन ने 90% अंक अर्जित किए



**जबलपुर।** अंजुमन इस्लामिया हा.से. स्कूल (अंग्रेजी माध्यम) मढ़ाताल की छात्रा अरतिका जरीन ने कक्षा दसवीं में 90 प्रतिशत अंक अर्जित कर अपने स्कूल, माता-पिता एवं शहर का नाम रोशन किया है। अरतिका मोहम्मद इलयास अंसारी एवं शहजादी बानो की सुपुत्री हैं।

# पर्यावरण और समाज पर केंद्रित 6वां अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन आयोजित




जबलपुर।

श्री गुरु तेग बहादुर खालसा महाविद्यालय में पर्यावरण और समाज पर केंद्रित 6वां अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन "पर्यावरण और समाज पर अंधाधुंध मानवजनित प्रभाव, पर्यावरणीय और सामाजिक स्थिरता हेतु एक अंतर्विषयक दृष्टिकोण" विषय पर आयोजित किया गया। यह सम्मेलन ऑनलाइन और ऑफलाइन दोनों माध्यमों में संपन्न हुआ जिसमें भारत के विभिन्न राज्यों से आए वैज्ञानिकों, शिक्षाविदों, शोधकर्ताओं एवं अन्य ने सक्रिय भागीदारी निभाई। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में महाकोशल विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. आर.सी. मिश्रा, अंतरराष्ट्रीय संगोष्ठी के मुख्य संरक्षक एवं UPPSC के सदस्य डॉ. एके वर्मा, रानी दुर्गावती के प्रोफेसर डॉ. सुरेंद्र सिंह, इलाहाबाद विश्वविद्यालय के डीन प्रोफेसर बेचन शर्मा CIMAP के CSIR मुख्य वैज्ञानिक डॉ. वीरेंद्र कुमार, गुरु रामदास खालसा महाविद्यालय जबलपुर की प्राचार्य डॉ. जी.के. चडोक, क्षेत्रीय उच्च शिक्षा अधिकारी प्रोफेसर एमडीआर गुप्ता एवं महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. आरएस चंडोक मंचसीन रहे। इस अवसर पर विभिन्न राज्यों से आए विद्वानों, पर्यावरण विशेषज्ञों, शोधार्थियों तथा विभिन्न शिक्षण संस्थानों के प्राध्यापकों ने सहभागिता दर्शाई एवं महाविद्यालय की ओर से प्रबंधन समिति के अध्यक्ष सरदार एमएस चावला, सचिव डॉ. एएस अहलूवालिया, डॉ. मनीष शाह, डॉ. शिवमणि मिश्रा, डॉ. अंजू पाठक, प्रकृति विश्वास, डॉ. विपिन राय, डॉ. जीसी राय, डॉ. विमल शुक्ला, डॉ. रोहित वर्मा, डॉ. संध्या कोष्टा, डॉ. शशि दुबे, डॉ. संजय गुप्ता, डॉ. आरती शुक्ला, डॉ. रत्नेश नामदेव एवं अन्य सभी प्राध्यापकों की उपस्थिति रही।



# गरीब नवाज कमेटी ने किया अज्ञात वृद्ध का अंतिम संस्कार

**जबलपुर।** जिला अस्पताल परिसर में पीपल के पेड़ के नीचे मृत अवस्था में अज्ञात वृद्ध (उम्र लगभग 70 वर्ष) मिला, जिसकी सूचना केजुअल्टी द्वारा थाना ओमती व गरीब नवाज कमेटी को दी गई। कमेटी सदस्यों द्वारा खोजबीन के बाद जब मृतक के संबंध में कोई जानकारी नहीं मिली तो अज्ञात वृद्ध के शव का पीएम कराने के बाद अंतिम संस्कार तिलवारा मुक्ति धाम में गरीब नवाज कमेटी द्वारा कराया गया। इस कार्य में अफ़रोज़ मंसूरी,बच्चू नानकानी, रियाज अली, दीपक निगम, मो. अयाज ने सहयोग प्रदान किया।

# तृतीय इंटर डोजो कराते प्रतियोगिता संपन्न



**जबलपुर।** तृतीय इंटरडोजो कराते प्रतियोगिता 11 मई को महर्षि विद्या मंदिर-2 नेपियर टाउन जबलपुर में आयोजित की गई, जिसमें 150 से 200 खिलाड़ियों ने भाग लिया। इस प्रतियोगिता में शासकीय, अशासकीय दोनों विद्यालयों के बालक, बालिकाओं ने भाग लिया एवं पदक प्राप्त किए। इस अवसर पर मुख्य अतिथि महापौर जगतबहादुर सिंह अन्नू, विशिष्ट अतिथि जिला क्रीड़ा अधिकारी मधुमिता हाजरा, कराते जिला जबलपुर एसो. के अध्यक्ष एड. जय सचदेवा, महर्षि विद्या मंदिर-2 नेपियर टाउन के प्राचार्य नीलेश कुमार पांडेय के साथ ही क्रीड़ा भारती के उपाध्यक्ष विनोद ठाकुर, विनोद पोद्दार, गिरीश बिल्लोरे, चन्द्रशेख स्वामी आदि उपस्थित रहे। आयोजक रूपवती पटेल ने खिलाड़ियों को बधाई दी।

# सभी बौद्ध विहारों में आज मनाई जाएगी गौतम बुद्ध की 2569वीं जयंती

**जबलपुर।** त्रिरत्न बुद्ध विहार निर्भय नगर आधारताल के तत्वावधान में 12 मई को विश्वगुरु गौतम बुद्ध की 2569वीं त्रिगुण पूर्णिमा एवं जयंती मनाई जाएगी। कार्यक्रम अध्यक्ष ओमप्रकाश चौरे द्वारा प्रातः 10 बजे धम्म पंचशील ध्वजारोहण किया जाएगा और कार्यक्रम की शुरुआत बौद्धाचार्य अर्जुन पाटिल द्वारा पूर्वान्ह 11 बजे परित्राण पाठ एवं बुद्ध वंदना से होगी। समिति सदस्यों ने कार्यक्रम में उपस्थिति का आग्रह किया है।



### विश्वदीप बुद्ध विहार

विश्वदीप बुद्ध विहार रामपुर छापर के तत्वावधान में 12 मई को विश्वगुरु गौतम बुद्ध की 2569वीं त्रिगुण पूर्णिमा एवं जयंती मनाई जाएगी। कार्यक्रम अध्यक्ष संदीप गायकवाड़ द्वारा प्रातः 09 बजे पंचशील ध्वजारोहण किया जाएगा। प्रातः 10 बजे महिला मंडल द्वारा परित्राण पाठ एवं धम्म देशना होगी। समिति सदस्यों ने सभी उपासक, उपासिकाओं से कार्यक्रम में उपस्थिति का आग्रह किया है।

### बोधिसत्व नागार्जुन महाविहार संघ

बोधिसत्व नागार्जुन महाविहार संघ घमापुर में बौद्ध विहार संघ एवं बौद्ध विहार महिला मंडल के तत्वावधान में 12 मई को महाकारुणिक विश्वगुरु गौतम बुद्ध की 2569वीं त्रिगुण पूर्णिमा एवं जयंती मनाई जाएगी। कार्यक्रम अध्यक्ष उमाकांत गजभिये द्वारा प्रातः 09 बजे पंचशील ध्वजारोहण किया जाएगा। प्रातः 10 बजे महाकारुणिक विश्वगुरु गौतम बुद्ध की वंदना होगी। वंदना मेश्राम एवं सविता लोखंडे द्वारा शाम 05 बजे से परित्राण पाठ एवं धम्म देशना होगी। कार्यक्रम की शुरुआत मुख्य अतिथि जगतबहादुर सिंह अन्नू महापौर द्वारा की जाएगी। कार्यक्रम अध्यक्ष उमाकांत गजभिये द्वारा महाकारुणिक विश्वगुरु गौतम बुद्ध का संदेश सुनाया जाएगा। समिति सदस्यों ने सभी उपासक, उपासिकाओं से बुद्ध विहार आने का आग्रह किया है।

## हर्षोल्लास से निकाली गई विश्व शांति धम्म यात्रा

**जबलपुर।** बोधिसत्व डॉ. बाबा साहेब भीमराव आम्बेडकर संयुक्त जयंती महोत्सव समिति के तत्वावधान में 11 मई को विश्वगुरु तथागत गौतम बुद्ध की 2569वीं त्रिगुण पावन पूर्णिमा (जयंती) के अवसर पर सिविक सेंटर से विश्व शांति धम्म यात्रा निकाली गई। विश्व शांति धम्म यात्रा में विश्वगुरु गौतम बुद्ध का रथ फूलों से सजाया गया, कार्यक्रम की अध्यक्ष छाया धाबर्डे एवं संयोजक सविता लोखंडे ने विश्वगुरु तथागत गौतम बुद्ध की प्रतिमा के समक्ष मोमबत्ती एवं अगरबत्ती प्रज्जवलित कर पुष्प अर्पित किए। उपासक एवं उपासिकाओं ने गौतम बुद्ध की वंदना की। धम्म यात्रा के दौरान "बुद्धं सरणं गच्छामि, धम्मं सरणं गच्छामि, संघं सरणं गच्छामि" की ध्वनि गूंज रही थी। यात्रा में बोधगया की झांकी, सारनाथ की झांकी, लुम्बिनी वन की झांकी आकर्षण का केन्द्र रही। धम्म यात्रा में उपासक एवं उपासिकाएं अपने हाथों में मोमबत्ती लिए चल रहे थे, वहीं नन्हे-मुन्ने बच्चे पंचशील धम्म ध्वज लेकर चल रहे थे। धम्मयात्रा का समापन वंदना के साथ डॉ. आम्बेडकर चौक पर हुआ। समस्त उपासक, उपासिकाओं को खीर का प्रसाद वितरित किया गया। इस अवसर पर महिला मंडल की सदस्य छाया धाबर्डे, मनीषा पुनवटकर, सुनीता पाटिल, सुनीता शेण्डे, पारमी बौद्ध, कृपा खरे, मनीषा कोल्हेकर, स्मिता बौद्ध, नंदनी गजभिये, वंदना रामटेके, नंदनी गौरे, मीना खापर्डे, अनीता जनबंधु, कविता सहारे, स्मिता ओहल सहित समिति सदस्य उपस्थित रहे।

# पौधारोपण अभियान जन आंदोलन बना : पाटीदार

## कदम संस्था व साहू समाज ने सिविक सेंटर में रोपा पौधा

जबलपुर।

राज्यसभा सदस्य कविता पाटीदार ने यहां कहा कि कदम संस्था का पौधरोपण अभियान 21 वर्षों में जन आंदोलन बन गया है। लोग खास मौके पर कदमताल करते हुए पौधरोपण करते हैं, साहू समाज एवं कदम संस्था के संयुक्त तत्वावधान में सिविक सेंटर में किया गया पौधरोपण लोगों को प्रेरित करेगा। उन्होंने कहा कि पर्यावरण की दिशा में और खास मौकों को यादगार बनाने के लिए यह एक अच्छा अभियान है। इस अवसर पर सांसद आशीष दुबे, महापौर जगतबहादुर सिंह अन्नू, जिपं सदस्य आशा गोंटिया, भाजपा नेता कैलाश साहू, एमआईसी सदस्य रजनी साहू भी मौजूद थीं।कदम संस्था के संस्थापक योगेश गनोरे एवं सभी ने मिलकर 07 हजार 604वां पौधा रोपा, इस अवसर पर सांसद आशीष दुबे ने संस्था के सहयोग के लिए सदा तत्पर रहने का आश्वासन दिया, वहीं महापौर जगतबहादुर सिंह अन्नू ने कदम संस्था द्वारा जल संरक्षण एवं छात्रों को बीज वितरण कार्यक्रम की सराहना की। भाजपा नेता कैलाश साहू, रजनी साहू ने कहा कि कार्यक्रम में बड़ी संख्या में स्वजातीय बंधुओं ने उपस्थित होकर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया है। इस अवसर पर डॉ. दीप साहू, पुरुषोत्तम साहू, राधेश्याम साहू, प्रदीप, अनिल, रमेश, मनीष, शिल्पा, सविता, पूर्णिमा, वर्षा, साधना, उमेश, प्रमोद सहित सैकड़ों सामाजिकजन उपस्थित रहे। अंत में अतिथियों ने सभी को पर्यावरण संरक्षण एवं पौधों की देखभाल की शपथ दिलाई।



### गहोई शिक्षा प्रसार समिति का शपथ ग्रहण समारोह आज

**जबलपुर।** अखिल भारतीय गहोई शिक्षा प्रसार समिति की नवीन कार्यकारिणी आज सोमवार सायं 4.30 बजे विजयनगर स्थित नेक्टर लॉन में समारोहपूर्वक शपथ लेगी। कार्यकारिणी का कार्यकाल 2028 तक का रहेगा। कार्यक्रम में उपस्थिति की अपील अध्यक्ष डॉ अरुण सरावगी, मंत्री इंजीनियर कमलकांत गुप्ता, कोषाध्यक्ष सुभाष चंद्र रावत सहित सभी पदाधिकारियों ने की है। इस अवसर पर समाज के विशिष्ट लोगों का सम्मान भी किया जायेगा।

**CHANGE OF NAME**

It is for general information that I, GOVIND SINGH CHAUHAN S/o BAL MUKUND, declare that name of mine & my wife has been wrongly written as GOVIND SINGH & SHANKUNTALA in my Pension Payment Order of P.C.D.A. (Pension) Allahabad. The actual name of mine & my wife are GOVIND SINGH CHAUHAN & SHANKUNTLA CHOUHAN, which may be amended accordingly.
It is certified that I have complied with other legal requirements in this connection.

(GOVIND SINGH CHAUHAN)
Res. H.No. 3137, Near Shiv Shakti Dawakhana, Shiv Shakti wali gali, Ranjhi, Jabalpur (M.P.) 482005

**CHANGE OF NAME**

It is for general information that I, JANKI BHARWE W/O MOHAN LAL, declare that name of mine has been wrongly written as PREMVATI BHARVE, mother in Service Record of my son Late Shyam Kumar Bharwe. The actual name of mine is JANKI BHARWE, which may be amended accordingly. It is certified that I have complied with other legal requirements in this connection.

(JANKI BHARWE)
Res. Qtr. No.213/3, Vidhya Nagar, G.C.F. Estate, Post Office Gokulpur,Jabalpur (M.P.) 482011,

**CHANGE OF DATE OF BIRTH**

I, SHANKARLAL GOHE is legally Father of No 10390344N Rank L/NK Name SRI AJAY KUMAR GOHE presently, residing at VILL- HASALPUR, TEH-MULTAI, PO-BORKHI, DISTT- BETUL (MP)-460553 I, have changed of my date of birth from 01/07/1951 (date of birth as per my SON, Army service records) to 16/06/1940 (date of birth as per my AADHAR CARD vide affidavit dated 10/05/2025 (date of affidavit) formerly before Public Notary, JABALPUR (Name and place of Court).

CORRECT DATE OF BIRTH - 16/06/1940
INCORRECT DATE OF BIRTH - 01/07/1951

**CHANGE OF DATE OF BIRTH**

I. TARA GOHE is legally Father of No 10390344N Rank L/NK Name SRI AJAY KUMAR GOHE presently, residing at VILL- HASALPUR, TEH-MULTAI, PO-BORKHI, DISTT- BETUL (MP)-460553 I, have changed of my date of birth from 01/07/1956 (date of birth as per my SON,, Army service records) to 28/01/1951 (date of birth as per my AADHAR CARD vide affidavit dated 10/05/2025(date of affidavit) formerly before Public Notary, JABALPUR (Name and place of Court).

CORRECT DATE OF BIRTH - 28/01/1951
INCORRECT DATE OF BIRTH - 01/07/1956